षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-13 शुक्रवार, दिनांक-16 मार्च, 2018 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.07 बजे अपराह्न तक ।

प्रश्नकाल प्रारम्भ होते ही माननीय सदस्य, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा अपनी मांग को उठाने की अनुमति देने का अनुरोध आसन से किया गया ।

"आसन द्वारा कहा गया कि यह सही समय नहीं है । अभी प्रश्नोत्तर काल है, शून्यकाल के समय आपको समय दिया जायेगा ।"

किन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गये ।

"आसन द्वारा बार-बार विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि अपने-अपने स्थान पर जाकर अपनी बातों को कहें ।"

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 02.10 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[1] कार्यमंत्रणा समिति की बैठक :-

आसन से घोषणा की गई कि आज दिनांक 16.03.2018 को 03.00 बजे अपराह्न में उनके कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक निर्धारित की गई है ।

इस दौरान गैर सरकारी संकल्प प्रारम्भ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये ।

"आसन द्वारा उनसे अनुरोध किया गया कि आप सभी माननीय सदस्यों के जनहित से जुड़े गैर सरकारी संकल्पों का समय है इसलिए सदन को चलने में सहयोग करें ।"

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक-19 मार्च, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-16.03.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।